Govt.of MadhyaPradesh

Office of the Field Director

**Panna Tiger Reserve**

Panna, Madhya Pradesh, (India)

**Phone No.** +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

**E-mail:** dirpannaNP@mpforest.org **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

मध्य प्रदेश शासन

पन्ना टाईगर रिजर्व

# प्रेस नोट

## पन्ना टाइगर रिज़र्व बफर क्षेत्र में मानसून पयटन प्रारम्भ

मड़ला स्थित टूर आपरेटर एवं पर्यटकों की मांग अनुसार पन्ना टाइगर रिजर्व के बफर जोन क्षेत्र में पर्यटकों को प्रातः कालीन मानसून पर्यटन कराने की अनुमति 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2017 तक के लिए दी गई है। मानसून पर्यटन करने वाले पर्यटकों के साथ ईको विकास समिति का एक सदस्य साथ में जावेगा। मानसून पर्यटन पन्ना बफर परिक्षेत्र के ग्राम झिन्ना, सलैया, सब्दुआ, बनहरी क्षेत्र में कक्ष क्रमांक पी–285, 287, 288 एवं 289 में संचालित किया जावेगा। प्राथमिक तौर पर मानसून पर्यटन में अधिकतम 10 वाहनों के प्रवेश की अनुमति होगी। मानसून पर्यटन से ईको विकास समिति की आय में वृद्धि होगी वहीं दूसरी ओर समिति के सदस्यों एवं जिप्सी मालिकों को रोजगार भी उपलब्ध होगा। साथ ही पन्ना के आस–पास के क्षेत्रों में पर्यटकों के अधिक दिन विश्राम करने में पर्यटन से जुड़े हुए लोगों को रोजगार के नये अवसर भी उपलब्ध होंगे।

''जय हिन्द''

दिनांक – 03.07.2017

क्षेत्र संचालक

पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना